लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

मध्य प्रदेश में नकली गुटखा बनाने वाली कंपनी का भंडाफोड़, कच्चा माल समेत मशीन जब्त

समीर शेख, बड़वानी। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में नकली गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापा मार कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में नकली पान मसाला जब्त किया गया। इसकी कीमत 8 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही गुटखा बनाने वाली मशीन और कच्चा माल भी जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस अवैध फैक्ट्री में काम करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली विमल बनाने की अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा। इस दौरान भारी संख्या में नकली पान मसाला जब्त किया गया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो मुख्य आरोपी अलाउद्दीन और प्रभु जाट मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो मशीन, 121 किलोग्राम विमल पाउच, 100 किलो ग्राम कच्चा माल, व 117 किलोग्राम तंबाकू के पाउच, विमल के पाउच बनाने के दो रोल, पाउच पैक करने की थैलियां, और खाली बारदाना जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत 8 लाख 36 हजार 230 रुपए बताई जा रही है।

थाना प्रभारी नाथू सिंह रंधा ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक मारुति वैगनआर जिसका नंबर एमपी 07 CE 3758 और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस आरोपियों से इस मामले में पूछताछ कर ये पता लगा रही है कि ये कारोबार कब से चल रहा था। साथ ही माल किन्हें सप्लाई किया जा रहा था इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है।

Source: https://lalluram.com/police-busted-a-factory-making-fake-gutkha/